# पाठ- ११- असम का पर्व पर बिहू
# व्याकरण - वाक्य ,पर्यायवाची शब्द , विलोम शब्द

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




**CLASS: V**
**SESSION NO : 5**
**SUBJECT : (HINDI)**
**CHAPTER NUMBER: ११**
**TOPIC: अभ्यास कार्य - ४**
**SUB TOPIC: लघु उत्तरीय प्रश्न, विलोम शब्द लिखें, पर्यायवाची शब्द लिखें, वाक्य बनाओ**

# शिक्षण उद्देश्य

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

बच्चों को परीक्षा संबंधित प्रश्नों  की जानकारी प्राप्त होगी ।
परीक्षा के लिए तैयार होंगे ।
भाषा एवं व्याकरण संबंधित ज्ञानकी वृद्धि होगी।
मौखिक एवं लिखित क्षमता बढ़ेगी।

# अभ्यास कार्य - ४

## प्रश्न

**1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कम से कम शब्दों में लिखिए।**

क) भारत को कैसा देश कहा जाता है?

ख) भारत के अनेक पर्वों में कौन सा पर्व सबसे बड़ा है?

ग ) असम के निवासी इस मानहु बिहू के दिन बच्चों को क्या देते हैं?

घ) पर्वों में किसकी झलक देखने को मिलती है?

ङ) बिहू पर्व में प्राणियों को कितने दिनों के लिए खुला छोड़ दिया जाता है?

च) बिहू पर्व अन्य पर्वों से भिन्न क्यों है?

छ) बोहाग बिहू का दूसरा नाम क्या है?

ज) ‘मानहु बिहू’ किस बिहू के अंतर्गत आता है?

झ) खेतों में किसानों के लिए कौन आदरणीय होते हैं?

ञ) यहाँ के लोग इस पर्व में किस चीज़ से मिठाई बनाते हैं?

ट) लारू-पीठा और चावल के पुए कब बनाए जाते हैं?

ठ) ‘भेजी बिहू’ किस बिहू के अंतर्गत मनाया जाता है?

ड)भोज के दिन आहार में किसका समावेश किया जाता है?

ढ) लिपाई - पुताई का उद्‌देश्य क्या होता है?

ण) किसानों का हृदय कब आनंद से भर जाता है?

# उत्तर

1.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कम से कम शब्दों में लिखिए।

क) भारत को कैसा देश कहा जाता है?

उ. भारत को त्योहारों और पर्वों का देश कहा जाता है।

ख) भारत के अनेक पर्वों में कौन सा पर्व  सबसे बड़ा है?

उ. भारत के अनेक पर्व में असम का 'बिहू' सबसे बड़ा पर्व है।

ग ) असम के निवासी इस मानहु बिहू के दिन बच्चों को क्या देते हैं?

उ.असम के निवासी मानहू बिहू के दिन बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार उपहार देते हैं।

घ) पर्वों में किसकी झलक देखने को मिलती है?

उ - पर्वों में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।

ङ) बिहू पर्व में प्राणियों को कितने दिनों के  लिए खुला छोड़ दिया जाता है?

उ- बिहू पर्व में प्राणियों को एक दिन के लिए खुला छोड़ दिया जाता है।

च) बिहू पर्व अन्य पर्वों से भिन्न क्यों है?
उ- बिहू पर्व अन्य पर्वों से इसलिए भिन्न है क्योंकि यह साल में तीन बार मनाया जाता है।

छ) बोहाग बिहू का दूसरा नाम क्या है?
उ- बोहाग बिहू का दूसरा नाम रोंगाली बिहू है।

ज) 'मानहु बिहू' किस बिहू के अंतर्गत आता है?
उ- मानहु बिहू बोहाग बिहू के अंतर्गत आता है।

झ) खेतों हैं किसानों के लिए कौन आदरणीय होते हैं?
उ- खेतों में किसानों के लिए पशु आदरणीय होते हैं।

ञ) यहाँ के लोग इस पर्व में किस चीज़ से मिठाई मनाते हैं?
उ- यहाँ के लोग इस पर्व में चावल से मिठाई बनाते हैं।

ट) लारू-पीठा और चावल के पुए कब बनाए जाते हैं?
उ- लारू-पीठा और चावल के पुए भोगली बिहू में बनाए जाते हैं।

ठ) 'भेजी बिहू' किस बिहू के अंतर्गत मनाया जाता है?
उ- भेजी बिहू भोगली बिहू के अंतर्गत मनाया जाता है।

ड)भोज के दिन आहार में किसका समावेश किया जाता है?
उ. भोज के दिन आहार में मछलियों का समावेश किया जाता है।

ढ) लिपाई - पुताई का उद्देश्य क्या होता है?
उ- लिपाई- पुताई का उद्देश्य शुद्धिकरण होता है।

ण) किसानों का हृदय कब आनंद से भर जाता है?
उ- फसल से घर भर जाने पर किसानों का हृदय आनंद से भर जाता है।

# व्याकरण

2.निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।

आरंभ , प्राचीन , स्वदेश, सरल, सज्जन,
बंधन ,दानव, ऊँच ,कृतज्ञ , रुचि

3. निम्नलिखित शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

रात, वायु, पक्षी, पृथ्वी, बगीचा

4.निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

पर्व
भेदभाव
उपहार
कृषक
स्वादिष्ट

## व्याकरण (उत्तर)

### 2.निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द  लिखिए ।

| | |
|---|---|
| आरंभ × अंत | प्राचीन × नवीन |
| स्वदेश × विदेश | सरल × जटिल |
| सज्जन × दुर्जन | बंधन × मुक्त |
| दानव × मानव | ऊँच × नीच |
| कृतज्ञ × कृतघ्न | रुचि × अरुचि |

### 3. निम्नलिखित शब्दों के दो -दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

रात - रात्रि , रजनी

वायु- पवन , हवा

पक्षी- खग , विहग

पृथ्वी – धरा, वसुधा

बगीचा - बाग , उपवन

### 4.निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

पर्व- मुझे पर्व अच्छा लगता है।

भेदभाव- हमें भेदभाव मिटाकर सबके साथ मिलजुलकर रहना चाहिए।

उपहार - मुझे उपहार देना अच्छा लगता है।

कृषक- कृषक हमारे लिए अनाज उगाते हैं।

स्वादिष्ट- मेरी माँ स्वादिष्ट खाना बनाती है।

# गृह कार्य

पाठ -९ , १०, ११ ,व्याकरण- विलोम शब्द लिखें , पर्यायवाची शब्द लिखें ,वर्तनी शुद्ध करें ,वाक्य बनाओ का अभ्यास कक्षा परीक्षा के लिए करें

# शिक्षण प्रतिफल

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

अभ्यास द्वारा बच्चे परीक्षा संबंधित प्रश्न को जाने एवं उत्तर देने का प्रयत्न किए।

व्याकरण एवं स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई।

मौखिक एवं लिखित दोनों तरह के प्रश्नोत्तर जानें।

लेखन कौशल में वृद्धि हुई।

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP